# आख्या

## शास्ता मंडल सत्र : 2022–23

अनुशासन मानव जीवन की आधार शिला है। विद्यार्थियों के लिए इसका महत्व शिक्षा से भी बढकर है क्योंकि अनुशासन के बिना शिक्षित व्यक्ति अशिक्षित की भांति ही व्यवहार करता है। इसलिए शहीद मंगल पाण्डे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ के शास्ता मंडल का ये सदैव प्रयास रहता है की वे संस्था में अध्ययनरत सभी छात्राओं को अनुशासन का महत्व सिखाकर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने में सहयोग कर सकें। महाविद्यालय में किसी भी तरह की रैगिंग स्वीकार्य नहीं है। छात्रायें अपनी किसी भी प्रकार की समस्या हेतु निस्संकोच प्राचार्य, मुख्य शास्ता तथा शास्ता मण्डल के सदस्यों से सम्पर्क कर सकती हैं। महाविद्यालय में निर्धारित गणवेश और परिचय पत्र धारण करना अनिवार्य है। अनुशासन स्थापना के साथ ही शास्ता मंडल द्वारा महाविद्यालय में विविध आयोजन भी कराये गए हैं।

नवागत छात्राओं को महाविद्यालय और नवीन शिक्षा नीति से परिचय कराने हेतु दि. 11–10–2022 को शास्ता मंडल द्वारा अनुस्थापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया छात्राओं को नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और संसाधनों तथा अनुशासन संबंधी नियमों और दिशा निर्देशों से परिचित कराया गया। संयोजन सहशास्ता प्रो. अनुजा गर्ग ने किया। दि. 06.12.2022 को शास्ता मंडल के तत्वावधान में एनसीसी के साथ नागरिक सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य शास्ता व एनसीसी अधिकारी ने छात्राओं व कैडेट्स को नागरिक सुरक्षा दिवस के महत्व से परिचय कराया। डा. आरसी सिंह व डा. कुमकुम ने भी विचार प्रकट किए।

दि. 20.01.2023 को शास्ता मंडल द्वारा स्थानीय प्रशासन और के सहयोग से 'मिशन शक्ति' अभियान के दृष्टिगत् बालिका सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में थाना ब्रह्मपुरी से पुलिस उपनिरीक्षक इन्दु वर्मा उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता ने 'महिला सुरक्षा, हमारा प्रयास' विषय पर अपनी बात छात्राओं के समक्ष रखी और छात्राओं को व्यक्तिगत सुरक्षा, परिवार की सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के संदर्भ में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने बालिका सुरक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए छात्राओं और बच्चियों को इसके प्रति जागरुक रहने और छात्राओं को आयोजित व्याख्यानों से अधिकाधिक जुड़कर लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम एंटी करप्शन सोशल वेलफेयर संस्था, मेरठ के सहयोग से आयोजित किया गया। आयोजन में प्रो. अनुजा गर्ग, डा. मंजु रानी, डा. मनीषा भूषण, डा. कुमकुम, डा. आशीष पाठक, डा. शरद पंवार, डा. आवेश कुमार ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स सहित 60 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की।

दिनांक 13 मार्च, 2023 को शास्ता मण्डल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का विषय था, 'युवा छात्राओं का स्वास्थ्य, सामाजिक दायित्व और भावी स्वप्न' परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती पायल जैन, अध्यक्ष, रोटरी क्लब स्वाभिमान, मेरठ रहीं। परिचर्चा में शास्ता मंडल की ओर से प्रो. लता कुमार–मुख्य शास्ता, प्रो. अनुजा गर्ग, सह–शास्ता, डा. कुमकुम, सह–शास्ता , डा. मनीषा भूषण, सह–शास्ता उपस्थित रहीं। परिचर्चा में छात्राओं ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं, सामाजिक दायित्वों और अपने जीवन के लक्ष्यों पर बात की। साथ ही मुख्य अतिथि और शास्ता मण्डल के सदस्यों के साथ विषय पर विस्तृत चर्चा और विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक छात्राएँ उपस्थित रहीं।

महामिहाविद्यालय प्राचार्य प्रो– अंजू सिंह का मार्गदर्शन और दिशानिर्देश संस्था में सार्थक अनुशासन के स्थापन में महत्वपूर्ण रहा है। समस्त आयोजनों और अनुशासन व्यवस्था बनाये रखने में मुख्य शास्ता के साथ शास्ता मंडल सदस्यों प्रो. अनुजा गर्ग, डा. सतपाल सिंह राणा, डा. आर सी सिंह, डॉ. पारुल मलिक, डॉ. अलका चौधरी, श्रीमती मनीषा भूषण, डॉ. आशीष पाठक, डॉ. कुमकुम, डॉ. आवेश कुमार, डॉ.शरद पंवार, डॉ. डेजी वर्मा, डॉ. शाहिदा परवीन सहित समस्त महाविद्यालय परिवार और छात्रा प्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा।

प्रो.. लता कुमार

मुख्य शास्ता

प्राचार्य

श०मं०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

माधवपुरम, मेरठ



# समाचार पत्रों में शास्ता मंडल 2022-23

## अभी तो पार्टी शुरू हुई है...

M. भारत NEWS NETWORK

## शास्ता मण्डल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला के उपलक्ष्य में परिचर्चा का आयोज

आज शहीद मंगल पांडेय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ के शास्ता मण्डल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का विषय था, ' स्वास्थ्य, सामाजिक दायित्व और भावी स्वप्न' परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती पायल जैन, स्वाभिमान, मेरठ रहीं। परिचर्चा में शास्ता मंडल की ओर से प्रो. लता कुमार-मुख्य शास्ता, प्रो. अनुजा गर्ग कुमकुम, सह-शास्ता , डा. मनीषा भूषण, सह-शास्ता उपस्थित रहीं। परिचर्चा में छात्राओं ने अपनी स्वा सामाजिक दायित्वों और अपने जीवन के लक्ष्यों पर बात की। साथ ही मुख्य अतिथि और शास्ता मण्डल विषय पर विस्तृत चर्चा और विचार विमर्श किया। परिचर्चा में बात करते हुए छात्राओं ने कमजोरी, काम लगने, ब्लड समूह पता न होने जैसी समस्याओं का ज़िक्र किया। घर- परिवार के दायित्व के साथ पढ़ाई पूरी बनाने की समस्याओं की बात रखी तथा वे अपने जीवन में क्या कार्य करना चाहती हैं, इसका भी उल्लेख और पैनल के सभी सदस्यों ने छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया और कैरियर के संदर्भ में मार्ग छात्राओं ने स्वास्थ्य जागरुकता के लिए महाविद्यालय में मेडिकल कैंप लगवाने की बात भी की, जिसके जैन ने सहमति दी। इस आयोजन में समाजशास्त्र विषय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं विषय भी प्रस्तुत किए । कार्यक्रम में **50** से अधिक छात्राएँ उपस्थित रहीं। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने दिवस की सभी को शुभकामनाएँ दीं और शास्ता मण्डल द्वारा इस दिवस पर किए गए प्रयासों की

ALL INDIA MEDIA CLUB

MEERUT NEWS 24 LIVE — LIVE BREAKING NEWS

## शास्ता मण्डल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिल दिवस के उपलक्ष्य में परिचर्चा का आयो

## शास्ता मंडल और एन ने मनाया नागरिक सु

DAINIK MEERUT NEWS
EDITOR: RAJKUMAR AGARWAL
WhatsApp 9837037373
Date [redacted]
Get Social with us!

## *शास्ता मंड और एनसी इकाई ने म नागरिक सु दिवस*

आज दिनांक 06.12.2022 को शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ में महाविद्यालय एनसीसी इकाई द्वारा 22 यूपी गर्ल्स बटालियन, मेरठ के कमांडिंग आफिसर कर्नल महेश चौहान तथा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के संरक्षण तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डा.) लता कुमार के संयोजन में महाविद्यालय शास्ता मंडल के तत्वावधान में नागरिक सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शास्ता मंडल द्वारा कैडेट्स और छात्राओं को नागरिक सुरक्षा दिवस से परिचित कराया गया। मुख्य शास्ता व एनसीसी अधिकारी लेफ्टि. प्रो. लता कुमार नागरिक सुरक्षा दिवस से कैडेट्स को परिचित कराते हुए बताया कि 'नागरिक सुरक्षा' एक स्वैच्छिक संगठन है जो संकट के दौरान नागरिक आबादी के रक्षक के रूप में कार्य करता है। भारत में हर वर्ष 6 दिसंबर को नागरिक सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य नागरिकों को जागरूक करना और नागरिक सुरक्षा के महत्व समझाना है। प्रो. लता कुमार ने विभिन्न आपदाओं के समय एनसीसी कैडेट्स की ज़िम्मेदारी से अवगत कराते हुए आपदाओं के प्रकारों पर भी प्रकाश डाला। शास्ता मंडल से डा. आर.सी. सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट्स को प्रत्येक आपदा में सहयोग के लिए तत्पर रहना चाहिए और किसी भी आपदा के समय सक्षम इकाइयों के पहुँचने से पहले की स्थिति में किए जाने वाले कार्यों का ज्ञान होना चाहिए। डा. कुमकुम ने भी अपने विचार प्रकट किए। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने शास्ता मंडल और एनसीसी इकाई के प्रयासों की सराहना की और छात्राओं को उनके दायित्वों का निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया। शास्ता मंडल के सभी सदस्य डॉ. अनुजा गर्ग, डा. कुमकुम, डॉ., मनीषा भूषण, डॉ. शरद पंवार, डा. डेज़ी वर्मा और डा. शाहिदा ने आयोजन में सहभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन मुख्य शास्ता लेफ्टि० (डा०) लता कुमार ने किया। कार्यक्रम में अंडर ऑफिसर सुरभी, कॉरपोरल खुशी सिंह, सिमरन सिसोदिया, खुशी शर्मा, कैडेट

Meerut city — My City — 7

## नागरिक सुरक्षा दिवस मनाया

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय एनसीसी इकाई द्वारा 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग अधिक

DAINIK MEERUT NEWS
EDITOR: RAJKUMAR AGARWAL
WhatsApp 9837037373
Date [redacted]

श.मं.पा. राजकीय महिला स्नात. महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ

## शहीद मंगल पांडे महिला महाविद्यालय में नव- प्रवेषित छात्राओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम

आज दिनांक 11 अक्टूबर 2022 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ में नव- प्रवेषित छात्राओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से प्रथम वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ) अंजु सिंह ने सभी नव-प्रवेषित छात्राओं से महाविद्यालय में अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु अध्ययन करने एवं गरिमा पूर्ण आचरण करने का आह्वान किया, साथ ही छात्राओं को उनके प्रवेश एवं सफलता हेतु शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। आयोजन में प्रवेश प्रभारी डॉ० मंजु रानी (कला संकाय), डॉ० अलका चौधरी (विज्ञान संकाय), डॉ० राकेश कुमार (वाणिज्य संकाय) ने सभी छात्राओं को नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सेमेस्टर प्रणाली के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। संकाय प्रभारी डॉ० अनुजा गर्ग, डॉ० अमित कुमार एवं डॉ० राकेश कुमार क्रमशः कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय ने भी छात्राओं को संबोधित किया। डॉ० सत्यपाल राणा एवं डॉ० मनीषा भूषण ने शास्ता मंडल की ओर से अनुशासन एवं एंटी-रैगिंग सेल प्रभारी डॉ० मंजु रानी ने रैगिंग संबंधी नियमों से परिचित कराया। अंग्रेजी विभाग से डॉ० मोनिका चौधरी, इतिहास विभाग से डॉ० अनीता गोस्वामी, समाजशास्त्र विभाग से डॉ० गीता चौधरी और एवं वाणिज्य संकाय से डॉ० विकास गुप्ता ने छात्राओं को अपने-अपने विषय से संबंधित जानकारी दी एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ० अनुजा गर्ग द्वारा किया गया। आयोजन में डॉ० भारती दीक्षित एवं डॉ० सुरेश जैन सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

Meerut city — My City — 14

## ओं ने जीवन के लक्ष्य बताए

दि मंगल पांडे कॉलेज में मौजूद छात्राएं-शिक्षिकाएं। संवाद

हीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला में अंतरराष्ट्रीय वस के उपलक्ष्य में परिचर्चा हुई। इसका विषय 'युवा छात्रा य, सामाजिक दायित्व और भावी स्वप्न' रहा। मुख्य अतिथि व स्वाभिमान की अध्यक्ष पायल जैन रहीं। छात्राओं ने स्वा , सामाजिक दायित्वों और अपने जीवन के लक्ष्यों पर बात . अंजू सिंह ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रो. लता


श.मं.पा. राजकीय महिला स्नात. महाविद्यालय माध
परिचय पर्व/
प्रेरकी
आयोजन : शास्ता मंडल 2022-23
शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातक
S. M. P. Govt. Girls P.G. Co
राष्ट्रीय कैडेट
नागरिक
सुरक्षा दिवस
22 यू.पी. गर्ल्स बटालियन
एन.सी.सी., मेरठ
eerut, Uttar Pradesh, India
3V+Q3P, 2, Sector 2, Madhav Puram, Meerut, Uttar Pradesh
0002, India
GPS Map Ca













# गतिविधियाँ : शास्ता मंडल 2022-23



